आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 16.05.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ''दून सिल्क ब्रांड'' की वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने के लिए ठोस विपणन योजना बनाने पर जोर दिया।
- नगर निगम अल्मोड़ा ने शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025—26 में बेहतर रैंकिंग दिलाने के उद्देश्य से सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की दिशा में नई पहल शुरू की।
- बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं को मिलेगी प्राथमिक दर्शन की सुविधा। एसओपी जारी।
- किसानों, श्रमिकों और आम नागरिकों को भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए टिहरी में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन।

## सहकारिता मंत्री

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून स्थित उत्तराखंड कोऑपरेटिव रेशम फेडरेशन लिमिटेड के सिल्क पार्क भवन मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दून सिल्क रिटेल आउटलेट, रेशम वस्त्र बुनाई कार्यशाला, प्रशिक्षण केंद्र और कार्यालय का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही रेशम उद्योग से जुड़े बुनकरों और कारीगरों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अनुभवों की जानकारी ली। सहकारिता मंत्री ने ''दून सिल्क ब्रांड'' की वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने के लिए ठोस विपणन योजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बुनकरों और कारीगरों को आधुनिक प्रशिक्षण, विपणन सुविधा सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि उत्तराखंड के रेशम उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल सके। डॉ. रावत ने कहा कि रेशम उद्योग स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रेशम उद्योग को बढ़ावा देने और इससे जुड़े बुनकरों और कारीगरों के हितों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण

नगर निगम अल्मोड़ा ने शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025—26 में बेहतर रैंकिंग दिलाने के उद्देश्य से सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की दिशा में नई पहल शुरू की है। स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश स्तर पर करवाई जा रही रैंकिंग में सुधार और वरीयता के लिए निगम ने शहर के सभी 40 वार्डों में घर—घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था लागू करने की तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए 150 पर्यावरण मित्रों

सहित 13 सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई है, जो सफाई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करेगी। मेयर अजय वर्मा ने कहा कि अल्मोड़ा नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण में विशेष स्थान मिले, उसके लिए नगर निगम घर–घर कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था कर रहा है। इसके लिए आमजन की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है।

नगर निगम के मुख्य पर्यावरण प्रवेक्षक राजपाल पवार ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम को उत्कृष्ट स्थान मिले इसके लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

## जल निकासी योजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर कुमाऊं मंडल के शहरों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए करीब दो हजार 43 करोड़ रुपये की व्यापक जलनिकासी योजना तैयार की गई है। प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम ने मंडल के 14 शहरों के लिए तैयार प्रस्तावों की सचिवालय में समीक्षा की। बैठक में कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए और प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पहले चरण में जलभराव से सर्वाधिक प्रभावित 10 शहरों को प्राथमिकता पर लेते हुए कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया। इनमें टनकपुर, बनबसा, खटीमा, रुद्रपुर, काशीपुर, गदरपुर, सितारगंज, हल्द्वानी और मालधनचौड़ सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। प्रमुख सचिव ने सर्वाधिक प्रभावित इलाकों में पहले जलनिकासी कार्य शुरू करने और सभी विभागों को आपसी समन्वय से मास्टर प्लान के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि पहले चरण के बाद शेष चार शहरों को दूसरे चरण में शामिल किया जाएगा।

## वृद्ध–दिव्यांग/दर्शन

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए प्राथमिक दर्शन सुविधा लागू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंदिर समिति ने मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी) जारी कर दी है। समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी के निर्देश पर मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने इसके आदेश जारी किए। एसओपी के तहत 50–50 श्रद्धालुओं के 15 मिनट के चार स्लॉट निर्धारित किए गए हैं, जिनमें केवल वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे। इस व्यवस्था के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं को आधार कार्ड और पंजीकरण के आधार पर यह सुविधा दी जाएगी। दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए वास्तविक स्थिति का आकलन करने के बाद प्राथमिक दर्शन की अनुमति दी जाएगी। मंदिर समिति कार्मिक दर्शन में श्रद्धालुओं की सहायता करेंगे।

## जागरुकता कार्यशाला

किसानों, श्रमिकों और आम नागरिकों को भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए टिहरी में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली—एनपीएस को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने कहा कि एनपीएस योजना किसानों और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए भविष्य में आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार है। उन्होंने लोगों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

वहीं, लीड बैंक प्रबंधक मनीष मिश्रा ने बताया कि एनपीएस एक दीर्घकालिक निवेश योजना है, जिसमें कम निवेश से शुरुआत कर भविष्य के लिए पेंशन निधि तैयार की जा सकती है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसानों, महिलाओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर एनपीएस योजना की जानकारी हासिल की और इसे भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए उपयोगी बताया।

## ग्रीन कार्ड— नैनीताल

चारधाम यात्रा को लेकर कुमांऊ मंडल में भी परिवहन विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य किया गया है। कुमाऊं सम्भाग के परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह ने बताया कि चारधाम यात्रा में शामिल होने वाले सभी व्यावसायिक वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड जारी किए जा रहे हैं। रुद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी और टनक पुर आरटीओ कार्यालयों से अब तक 498 ग्रीन कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी वाहन को यात्रा पर जाने से पहले निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी।